बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी0 आर0 ...12.../2024

डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन (D.P.Ed.) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2023–25 में नियमानुसार वैध नामांकित विद्यार्थियों का ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा द्विवर्षीय D.P.Ed. पाठ्यक्रम संचालन हेतु ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त **तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर, (महाविद्यालय कोड–ACEMMZ20001)** एवं **मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, इन्द्रानगर, गोई मिश्रलगमा, धनश्यामपुर, दरभंगा (महाविद्यालय कोड–ACBIDR20001)** के प्राचार्य एवं संबंधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रम के **प्रशिक्षण सत्र 2023–25** के लिए महाविद्यालय में नियमानुसार नामांकित होकर अध्ययनरत विद्यार्थियों का उक्त सत्र की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन सूचीकरण आवेदन एवं शुल्क संबंधित प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य के माध्यम से **दिनांक 17.01.2024 से 27.01.2024 तक** की अवधि में जमा किया जाएगा।

2. इस संबंध में दोनों महाविद्यालय के प्राचार्यों को समिति द्वारा अलग से विस्तृत दिशा निर्देश पत्र प्रेषित किया जा रहा है। *संबंधित विद्यार्थी अपने महाविद्यालय से संपर्क कर सूचीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।* उक्त रूप से सूचीकृत विद्यार्थी ही D.P.Ed. पाठ्यक्रम की आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

16/1/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : के0वि0.....34...../2024 पटना, 15/01/24 दिनांक : 16.../.01./2024

प्रतिलिपि : जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

2. **प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स किड्स इंटरनेशनल प्रा0लि0** को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित के आलोक में निर्धारित किये गये समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।
3. जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा को सूचनार्थ प्रेषित।
4. उप निदेशक आई॰टी॰/सिस्टम एनालिस्ट, आई0टी0 (विविध बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। आपसे अनुरोध है कि महाविद्यालयों के प्राचार्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति को समिति के B.S.Ex.B. Mobile App पर भी डाल दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर *इसनिमित आवश्यक कार्रवाई की जा सके साथ ही ससमय सूचीकरण हेतु पोर्टल तैयार करा* लिया जाए।
5. निदेशक शैक्षणिक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. शाखा प्रबंधक, HDFC मौर्यलोक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. वित्त पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
8. सचिव एवं अध्यक्ष के आप्त सचिव तथा विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ समर्पित।

16/1/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

15/1/24 15/01/24